Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 05 मई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-may-2020

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सम्मेलन

नीदरलैंड (Netherlands) और यूनेस्को (UNESCO) वर्ष 2020 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता सम्मेलन (World Press Freedom Conference) की मेज़बानी करेंगे। यह सम्मेलन 18-20 अक्तूबर, 2020 को नीदरलैंड के हेग (Hague) शहर में आयोजित किया जाएगा। **'भय अथवा पक्षपात के बिना पत्रकारिता' (Journalism Without Fear or Favour)** को वर्ष 2020 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता सम्मेलन के विषय के रूप में चुना गया है। ध्यातव्य है कि कई देशों में मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पत्रकारों को किसी विशेष व्यक्ति, राय, विचारधारा अथवा अन्य कारकों से भय या पक्षपात के बिना अपना काम करने में सक्षम बनाना है। विदित हो कि हाल ही में 03 मई, 2020 को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' (World Press Freedom Day) मनाया गया। वर्ष 2020 के लिये 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' की थीम भी **'भय अथवा पक्षपात के बिना पत्रकारिता' (Journalism Without Fear or Favour)** थी। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य प्रेस की आज़ादी के महत्त्व के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना है। वर्ष 2020 में जारी 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' (World Press Freedom Index-2020) में भारत 180 देशों की सूची में 142वें स्थान पर पहुँच गया है, जबकि बीते वर्ष भारत इस सूचकांक में 140वें स्थान पर था।

संदीप कुमारी

डिस्कस थ्रोअर (discus thrower) एथलीट संदीप कुमारी पर विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (World Anti-Doping Agency- WADA) की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (Athletics Integrity Unit) ने डोपिंग परीक्षण में विफल होने पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। ध्यातव्य है कि लगभग दो वर्ष पहले राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (National Dope Testing Laboratory-NDTL) **संदीप कुमारी** के नमूनों में प्रतिबंधित पदार्थ का पता लगाने में विफल रही थी। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) को वर्ष 1999 में एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में स्थापित किया गया था, यह खेल आंदोलन और विश्व की सरकारों द्वारा समान रूप से वित्त पोषित है। इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में है। इस संगठन की प्रमुख गतिविधियों में वैज्ञानिक अनुसंधान, शिक्षा, एंटी-डोपिंग क्षमताओं का विकास करना और विश्व एंटी-डोपिंग संहिता (कोड) की निगरानी करना शामिल है। विश्व एंटी-डोपिंग संहिता (कोड) सभी खेलों एवं देशों में डोपिंग विरोधी नीतियों का सामंजस्य स्थापित करने वाला दस्तावेज़ है।

'एनजीएमए के संग्रह से' कार्यक्रम

COVID-19 की वजह से राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (National Gallery of Modern Art-NMGA) को अस्थायी रूप से बंद किया गया है, इस दौरान राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (NMGA) अपने संग्रह की दुर्लभ कलाकृतियों को प्रस्तुत करने के लिये 'एनजीएमए के संग्रह से' नामक एक वर्चुअल कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। ये कार्यक्रम NMGA के प्रतिष्ठित संग्रहों से तैयार किये जाएंगे और विभिन्न साप्ताहिक/दैनिक विषयों पर आधारित होंगे। इस सप्ताह की थीम 'कलाकार, कलाकारों के द्वारा' (ARTIST BY ARTISTS) है और यह रवींद्रनाथ टैगोर को समर्पित है। ध्यातव्य है कि इस सप्ताह 7 मई, 2020 को रवींद्रनाथ टैगोर की 159वीं जयंती भी है। इन वर्चुअल कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों के माध्यम से कला प्रेमियों, कलाकारों, छात्रों, शिक्षकों आदि को अपने घरों से दुर्लभ कलाकृतियों को देखने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय कला संग्रहालय बनाने का विचार सर्वप्रथम वर्ष 1949 में अंकुरित और प्रस्फुटित हुआ था, जिसके पश्चात् 29 मार्च, 1954 को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और गणमान्य कलाकारों एवं कला प्रेमियों की उपस्थिति में देश के उपराष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकष्ण ने औपचारिक रूप से NMGA की स्थापना की। राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय के मुख्य लक्षय एवं उद्देश्यों में वर्ष 1850 से अब तक की आधुनिक कलाकृतियों (आधुनिक कलात्मक वस्तुओं) को प्राप्त करना एवं उनका संरक्षण करना, देश और विदेशों में विशिष्ट प्रदर्शनियों का आयोजन, कला से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देना शामिल है।

राष्ट्रमंडल युवा खेल वर्ष 2023 तक स्थगित

वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल युवा खेलों (Commonwealth Youth Games) को वर्ष 2023 तक स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि टोक्यो ओलंपिक के साथ इसकी तारीखों का टकराव हो रहा था। ध्यातव्य है कि 23 जुलाई से 8 अगस्त 2020 तक आयोजित होने वाले टोक्यो ओलंपिक को बीते दिनों COVID-19 महामारी के मद्देनज़र एक वर्ष के लिये स्थगित किया गया था। राष्ट्रमंडल युवा खेल (Commonwealth Youth Games) एक अंतर्राष्ट्रीय खेल कार्यक्रम है जिसका आयोजन राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (Commonwealth Games Federation) द्वारा किया जाता है। ध्यातव्य है कि सर्वप्रथम राष्ट्रमंडल युवा खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड (Scotland) में वर्ष 2000 में किया गया था। राष्ट्रमंडल युवा खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के लिये आयु सीमा 14 से 18 वर्ष है।